Photo

## आवेदन फॉर्म

**विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026, जो शंघाई, चीन में आयोजित होना है, के लिये Skill Competition Expert (SCE) हेतु आवेदन प्रपत्र**

1. आवेदक का नाम :–
2. पिता/पति का नाम :–
3. जन्म तिथि :–
4. पत्राचार का पता :–

5. स्थायी पता:–

6. मोबाईल न0 :–
7. ई–मेल आई0डी0 :–
8. पहचान पत्र (पासपोर्ट/पैन कार्ड) :–
9. आवास प्रमाण पत्र संख्या :–
10. शैक्षणिक योग्यता :–
11. अन्य योग्यता :–
    (अगर कोई हो)
12. राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में सहभागिता :–

| वर्ष | व्यवसाय (Trade) | पुरस्कार (यदि कोई हो) |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

13. विश्व कौशल प्रतियोगिता में सहभागिता :–

| वर्ष | आयोजन देश का नाम (Country of Event) | व्यवसाय (Trade) | पुरस्कार (यदि कोई हो) |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

तिथि:–

आवेदक का हस्ताक्षर

**नोट:–** आवेदक द्वारा शैक्षणिक/तकनीकी/राष्ट्र एवं विश्व कौशल प्रतियोगिता/आवास प्रमाण पत्रों से संबंधित अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

**प्रपत्र–2**

## शपथ पत्र

मै, श्री / सुश्री / श्रीमती......................................................................................................

पिता / पति श्री...............................................................................................................

स्थायी पता.......................................................................................................................

वर्तमान / पत्राचार पता.......................................................................................................

मोबाईल नं0.......................................................................................................................

ई–मेल...............................................................................................................................

शपथ पूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि

- यदि मेरा चयन **Skill Competition Expert** (SCE) के रुप में होता है तो मैं उक्त हेतु अपनी सेवा देने हेतु इच्छुक हूँ।
- उक्त पद हेतु मैं भविष्य में किसी भी तरह का नियमितिकरण का दावा नहीं करूँगा / करूँगी।
- मेरे द्वारा समर्पित उपरोक्त सभी वांछित सूचनाएँ यथा शैक्षाणिक प्रमाण–पत्र, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, कार्यानुभव प्रमाण पत्र आदि सही एवं सत्य है और जाँच के दौरान जाली पाए जाने की स्थिति में भुगतेय राशि की वसूली बिहार एण्ड उड़ीसा पब्लिक डिमांड एक्ट के अधीन की जा सकती है एवं दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

स्थानः–

दिनांकः–

शपथकर्ता का पूरा हस्ताक्षर

(जो लागू न हो उसे काट दें।)

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन, नियोजन भवन, बेली रोड, बिहार पटना।

बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत Skill Competition Expert (SCE) के रूप में सेवा देने हेतु अभ्यर्थियों के चयन से संबंधित अधिसूचना

1. **समेकित मानदेय** :–रू0 40,000/– प्रतिमाह
2. **यात्रा भत्ता (TA/DA) :-** बिहार सरकार की यात्रा नीति के अनुसार, ग्रेड लेवल 5 या उससे नीचे के कर्मचारियों के लिए लागू नियम के अनुसार
3. **वांछित योग्यता :–** राष्ट्रीय स्किल प्रतियोगिता में विजेता रहे हों एवं World skills प्रतियोगिता 2022 या 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो (World skills द्वारा परिभाषित किसी भी कौशल प्रारूप में)।
4. **वांछनीय:–** बिहार राज्य के मूल निवासी को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता
5. **अवधि :–** अधिकतम 02 वर्ष
6. **मुख्य उत्तरदायित्वः**
   - **जिला, जोनल एवं राज्य स्तर पर स्किल प्रतियोगिता की योजना और आयोजनः–**
     - जिला, संभागीय, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया स्किल्स प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए समग्र कार्य योजना बनाना और लागू करना।
     - विस्तृत टाइमलाइन, चेकलिस्ट एवं बजट का अनुमान तैयार करना।
   - **प्रतिभागी जागरूकता अभियान एवं आउटरीचः**
     - जिला स्तर पर जागरूकता अभियान एवं आउटरीच गतिविधियों से सम्बन्धित योजना बनाना और क्रियान्वित करना।
     - प्रशिक्षण संस्थानों (जैसे ITI पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज), औद्योगिक संस्थाओं एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करना।
   - **निर्णायक मंडल (जूरी) एवं टेस्ट प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देनाः**
     - जूरी सदस्य के रूप में औद्योगिक विशेषज्ञों की पहचान करना और उन्हें जूरी दल में सम्मिलित करना।
     - प्रतियोगिता हेतु टेस्ट प्रोजेक्ट को मानकों के अनुसार विकसित करना, समीक्षा करना एवं अंतिम रूप देना।

- **उद्योगों के साथ भागीदारी**
    - प्रशिक्षण, प्रायोजन, मेंटरिंग एवं संसाधन सहयोग के लिए उद्योग के हितधारकों से भागीदारी को बढ़ावा देना।
    - ज्ञान–साझाकरण सत्र आयोजित करना एवं कौशल उन्नयन की पहलों को प्रोत्साहित करना।
- **परिणाम संकलन एवं दस्तावेजीकरणः**
    - निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से स्कोरिंग, परिणाम संकलन एवं घोषणा सुनिश्चित करना।
    - प्रतियोगिता के बाद विस्तृत रिपोर्ट और दस्तावेज तैयार करना।

**7. संविदा पर नियोजन हेतु पात्रता एवं शर्तेः**

1. आवेदक बिहार राज्य का मूल निवासी हो।
2. **Short listing** की प्रक्रिया में सिर्फ उन आवेदकों के आवेदनों को सम्मिलित किया जायेगा, जो निर्धारित अहर्ता को पूरा करते हैं और जिन्होंने आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाणपत्र को संलग्न किया है।
3. विज्ञापन में निर्धारित योग्यता न्यूनतम रखी गयी है, अतएव इसके आधार पर कोई भी अभ्यर्थी चयन का दावा नहीं करेंगे।
4. चयनित अभ्यर्थी से आवश्यकतानुसार बिहार कौशल विकास मिशन/सक्षम प्राधिकार द्वारा किसी भी प्रकार का कार्य सम्पादित कराया जा सकता है।
5. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार माने जायेंगे।
6. संविदा पर नियोजित कर्मी स्थायीकरण/नियमित करने का दावा नहीं करेंगे और न ही इसके पात्र होंगे।
7. बिहार कौशल विकास मिशन को बिना किसी कारण बताए चयन प्रक्रिया को कभी भी बदलने, संशोधित करने अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
8. समय सीमा के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

9. वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति सहित आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि–31.08.25 को अपराह्न 05 बजे तक होगी। आवेदन रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट से भेजना अनिवार्य होगा।

आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर पद का नाम अंकित करना होगा। आवेदन, विहित प्रपत्र में टंकित हो एवं उसमें नाम, पिता/पति का नाम, शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता तथा वांछित योग्यता की छाया प्रति के साथ अद्यतन पासपोर्ट आकार का फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा।

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
नियोजन भवन, बेली रोड, बिहार पटना।